हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 2 जनवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात नियमों का करें पालन
4



## खबर संक्षेप

### हरिभूमि कैंलेडर 2026 का विमोचन आज

**जांजगीर-चांपा।** हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित नए वर्ष 2026 कैंलेडर का विमोचन शुक्रवार 2 जनवरी को होगा। सर्किट हाउस जांजगीर में दोपहर 2 बजे आयोजित कैंलेडर विमोचन कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि और संवाददाता उपस्थित रहेंगे।

### अवैध रेत उत्खनन : 1 चैन माउंटेन व 2 ट्रैक्टर जब्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खनिज टास्क फोर्स द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनों, स्थानो का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। तहसील बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम बिर्रा में अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर 2 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना के सुपुर्द किया गया। साथ ही तहसील जांजगीर के केवा-नवापारा में अवैध रेत खनन करने वाली 1 चैन माउंटेन जब्त की गई। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत कार्यवाही की गई है।

### अभ्युदय योजना के तहत लघु व्यवसाय के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित जांजगीर-चांपा द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बैंक प्रवर्तित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत लघु व्यापार एवं व्यवसाय हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत किराना, मनिहारी, कपड़ा दुकान, नाई सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, फैंसी स्टोर, मोटर मैकेनिक, साइकिल मरम्मत, टीवी-रेडियो-मोबाइल रिपेयरिंग, वेल्डिंग, मुर्गीपालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोनापत्तल निर्माण, लघु एवं कुटीर उद्योग सहित स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप अन्य आयजनक व्यवसायों के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया जाता है।

### किसान पोर्टल में कृषकों के संशोधन के लिए 7 तक आवेदन

**सक्ती।** कृषकों के समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए 15 दिसम्बर 2025 तक कैरीफारवर्ड, डूबान व वनपट्टाधारी कृषकों के पंजीयन का प्रावधान समस्त समितियों के लॉगीन में किया गया था, किन्तु अतिरिक्त समय के उपरांत भी एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन संशोधन हेतु कृषकों द्वारा आवेदन किया जा रहा है। जिले के समस्त किसानों को सूचित किया जाता है राजस्व विभाग के अधिकारीयों व पटवारियों द्वारा किये गए भौतिक सत्यापन उपरान्त विवरण संसोधन का प्रावधान 7 जनवरी तक समस्त समितियों में समिति लॉगिन किया जा रहा है। सम्बंधित कृषक 7 जनवरी से पूर्व अपने से संबंधित सेवा सहकारी समितियों में जाकर आवश्यक सुधार करा लेवें।

### कटनई में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 4 को

**अकलतरा।** ग्राम कटनई के शास. पूर्व माध्य. विद्यालय में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर एवं ग्राम पंचायत कटनई के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 4 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जायेगा। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर से उपलब्ध डॉक्टर अमित वर्मा कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रेरणा, डा.पी.पी.मिश्रा, डॉ. इंदिरा मिश्रा, डॉ.रश्मि शर्मा एवं डॉ. शांभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. दिवाकर कुमार एवं डॉ.शीला कुमारी जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. मनोज राय, डॉ.संध्या चंदेल, डॉ. जिग्नेश पंड्या, डॉ. सुनील थवाईत, डॉ. गौरीशंकर असाटी, डॉ. आशीष जयसवाल, डॉ.अनिल यादव डॉ. राहुल जैन, डॉ. प्रकृति, डॉ. राजकुमार न्यूरोसर्जन मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, डॉ.शीतेंदु पटेल पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ.विक्रम साहू सहित अन्य विशेषज्ञ शिविर में अपनी सेवाएं देंगे।



नए साल के पहले दिन नहरिया बाबा मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालु।

### देव दर्शन, पूजा अर्चना के साथ नए वर्ष की शुरूआत

# आस्था से नए साल का आगाज देवालयों में पूरे दिन रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नववर्ष 2026 के पहले दिन 1 जनवरी को जिले भर में आस्था और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला। वर्ष 2025 की विदाई और 31 दिसंबर की रात्रि में नए साल के स्वागत के बाद गुरुवार सुबह से ही शहर सहित जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना के साथ नववर्ष की शुरुआत की।

शहर के प्रसिद्ध नहरिया बाबा मंदिर, खोखरा स्थित मनका दाई मंदिर, हरदी महामाया मंदिर, शिवरीनारायण स्थित मंदिर परिसर, लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद सहित जिले के सभी देवी-देवताओं के स्थलों में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कई स्थानों पर भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए, वहीं मंदिर परिसरों में भजन-कीर्तन और आरती का विशेष आयोजन भी किया गया। सुबह से लेकर दोपहर तक मंदिरों में घंटियों और शंखनाद की गूंज बनी रही।नववर्ष के पहले दिन मंदिरों में महिलाओं, पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में युवा और बच्चे भी पहुंचे। लोगों ने दीप प्रज्वलन कर परिवार की खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कई श्रद्धालु दूर-दराज के गांवों से भी दर्शन के लिए पहुंचे, जिससे प्रमुख धार्मिक स्थलों में उत्सव जैसा माहौल रहा। धार्मिक स्थलों के साथ-साथ जिले के प्रमुख पिकनिक स्पॉट्स में भी लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। परिवार और मित्रों के साथ लोग प्राकृतिक स्थलों पर समय बिताते नजर आए। कहीं धार्मिक आस्था तो कहीं प्रकृति के बीच आनंद—इस तरह जिलेवासियों ने उत्साह और उल्लास के साथ नववर्ष 2026 का स्वागत किया। कुल मिलाकर, जिले में नववर्ष की शुरुआत आस्था, भक्ति और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में हुई, जिसने आने वाले वर्ष के लिए सकारात्मक संदेश दिया। नववर्ष के पहले दिन मंदिरों में महिलाओं, पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में युवा और बच्चे भी पहुंचे। लोगों ने परिवार की खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा लोग अपने दोस्तों के साथ पिकनिक स्पॉट में वनभोज का आनंद लेते रहे।

### नववर्ष पर लोगों ने भगवान शिवरीनारायण का किया दर्शन



शिवरीनारायण मठ मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करते समाजसेवी।

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में नववर्ष के अवसर पर लोगों ने भगवान के चरणों में माथा टेककर दिन की शुरुआत की। नगर के सभी मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगो ने भगवान शिवरीनारायण का दर्शन लाभ लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। लोग अपने परिजनों के साथ भगवान का आशीर्वाद लेने मंदिर देवालय पहुंचे। भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के मुख्य मंदिरों जैसे भगवान शिवरीनारायण (नर नारायण) मंदिर, अन्नपूर्णा मन्दिर, देवी मंदिर, काली मंदिर आदि मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी।नगर के समाज सेवी प्रकाश बंसल द्वारा बड़े मंदिर परिसर में भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा नगर के विभिन्न पर्यटन स्थल जैसे मेला ग्राउंड चौपाटी,मिनी गोआ के नाम से मशहूर त्रिवेणी आयलैंड पर भी पर्यटकों का जन सैलाब उमड़ा। लोगो ने महानदी में नौका विहार का आनंद उठाया। मंदिरों में लोगो की सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था थी। मंदिरों में भीड़ को देखते हुए पुलिस बल तैनात किए गए थे।भक्तों ने चित्रोत्पला गंगा में किया स्नाननववर्ष के अवसर पर भक्तों ने चित्रोत्पला गंगा महानदी में पुण्य स्नान कर भगवान सूर्य को अर्ध देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।माताओं ने महानदी में दीपदान कर अपने परिवार जनो की खुशहाली की कामना की। त्रिवेणी संगम में सुबह से पुण्य स्नान करने के लिए भक्तों की भीड़ दिखाई पड़ रही थी।पुण्य स्नान के बाद भक्तों ने भगवान शिवरीनारायण का दर्शन लाभ प्राप्त किया।

# नए वर्ष में नई शुरूआत बायोमेट्रिक से अटेंडेंस

### कलेक्टर ने किया प्रारंभ, सभी विभागों में हाजिरी मशीन से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा







नए वर्ष 2026 में सरकारी विभागों में बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज करने की शुरूआत की गई। नए साल के पहले दिन गुरूवार 1 जनवरी को बायोमेट्रिक से अटेंडेंसा की शुरूआत कलेक्टोरेट में कलेक्टर ने की। इसके साथ ही सभी सरकारी विभागों में भी मशीन और मोबाइल से आनलाइन उपस्थित दर्ज करने की शुरूआत हुई।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में शासकीय कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, अनुशासित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जांजगीर-चांपा कलेक्टोरेट एवं विभागों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आधार-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की गई। गुरूवार 1 जनवरी को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने स्वयं बायोमेट्रिक अटेंडेंस दर्ज कर कलेक्टोरेट परिसर में इस प्रणाली की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से शासकीय कार्यालयों में समय पालन सुनिश्चित होगा तथा कर्मचारियों की उपस्थिति पर सटीक निगरानी संभव हो सकेगी। इससे न केवल कार्य-संस्कृति में अनुशासन आएगा, बल्कि आम नागरिकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं भी प्राप्त होंगी। इसके अलावा सभी विभागों में भी इसकी शुरूआत करने के निर्देश दिए गए है। जिसके तहत जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में भी आनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की शुरूआत हुई।

### अप-डाउन करने वालों की बढ़ी मुसीबत


शासन द्वारा 1 जनवरी से सभी सरकारी विभागों में आधार आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू करने से अप डाउन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई है। दरअसल जिले के कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय में नहीं रहते। वे बिलासपुर शहर सहित आसपास से आना जाना करते है। ऐसे में बायोमेट्रिक मशीन से अटेंडेस होने से उनकी परेशानी बढ़ गई है। इसके लिए उन्हें निर्धारित समय पर दफ्तर पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से शासकीय कार्यालयों में समय पालन सुनिश्चित होगा तथा कर्मचारियों की उपस्थिति पर सटीक निगरानी संभव हो सकेगी।

## देवरी पिकनिक स्पॉट पर दो गुटों में जमकर मारपीट

रिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पहरिया क्षेत्र के ग्राम देवरी में पिकनिक मनाने पहुंचे दो गुटों में टूटी पुल पर आने -जाने की बात को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पत्थरबाजी की गई। वही मौके पर तैनात पुलिस आरक्षकों ने मामला शांत कराया जिसके बाद दोनों वह से चले गए।

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार गुरूवार 1 जनवरी को देवरी पिकनिक मनाने पहुंचे रायगढ़ और पहरिया के युवकों के बीच हसदेव नदी के अंदर जाने के लिए पुल बनी है जोकि टूटी हुई। जिसमें से एक तरफ से जाने ओर आने के लिए छोटी सा रास्ता है। जिससे लेकर दोनों गुटों के युवकों के बीच आने जाने वाली बात को लेकर विवाद होने लगा और देखते ही मारपीट और पत्थरबाजी एक दूसरे के ऊपर शुरू की गई। घटना के बाद कुछ देर तक हंगामा होता रहा। पुलिस टीम को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची झगड़ा शांत कराया गया। जिसके बाद स्थित को नियंत्रण किया गया। दोनो पक्षों के युवक वह से चले गए। मगर किसी ने एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज नहीं कराया है। घटना के बाद कुछ समय के लिए पिकनिक स्पॉट पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस के अनुसार झड़प में शामिल दोनों पक्ष बाद में वहां से चले गए हैं और फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य बनी हुई है। मामले की जांच की जा रही है और पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है।



देवरी पिकनिक स्पॉट में जमकर हुई मारपीट।

## जिले में अब तक 1 लाख 94 हजार मीट्रिक धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के 125 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अब तक 1 लाख 94 हजार 391 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। वहीं 2 हजार 410 किसानों का टोकन काटा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान जारी है। जिसके तहत समर्थन मूल्य पर सक्ती जिले में 1 जनवरी तक 125 केंद्रों में कुल 194391.32 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। जिले में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए 125 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। जिला सक्ती में गुरूवार 1 जनवरी 2026 को धान खरीदी हेतु जिले के 125 उपार्जन केन्द्रों में 2410 टोकन जारी हुआ है। जिसमें 12581.68 मेट्रिक टन धान खरीदी होना है। गुरूवार की शाम 5 बजे तक जिला के उपार्जन केन्द्रों में कुल 9898.04 मेट्रिक टन धान खरीदी हुआ है। राज्य के किसानों से धान की नगद व लिंकिंग में खरीदी 31 जनवरी तक किया जायेगा। 2 हजार 410 किसानों का टोकन काटा गया है। नए साल के पहले दिन 1 जनवरी को 125 उपार्जन केन्दों के माध्यम से कुल 9898 मेट्रिक टन धान की खरीदी हुई।



## दो किलो गांजा के साथ 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दो किलो गांजा के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से नगदी रकम समेत बाइक को जब्त किया गया है। मामला शिवरीनारायण का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 31 दिसंबर मुखबिर से सूचना मिली कि शिवरीनारायण पुल चौक मेनरोड पर वाहन चेकिंग किया जा रहा था। इस दौरान दो व्यक्ति एक मोटर सायकल एचएफ डिलक्स में पिठ्ठू बैग में बीच में रखकर अवैध गांजा लेकर शिवरीनारायण की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी के कब्जे से 2 किलो 20 ग्राम कीमती 18 हजार रुपये, नगदी रकम 7100 एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जुमला कीमती 70 हजार 100 रुपए को बरामद किया जाकर आरोपीगण के विरुद्ध धारा 20 (बी), 29 एन.डी.पी. एस. एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही सउनि रामप्रसाद बघेल थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र शुक्ला आरक्षक नितिन द्विवेदी, बलराम यादव शेषनारायण साहू थाना शिवरीनारायण का योगदान रहा।



जब्त गांजा के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### सलखन से रिंगनी आने जाने वालों को मिलेगी सुविधा

# 5 करोड़ 16 लाख की लागत से बन रहा 120 मीटर लंबा पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जांजगीर चांपा जिले में विभाग के माध्यम से करीब 5 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से 120 मीटर लंबा पुल तैयार हो रहा है। जिसके माध्यम से ग्राम सलखन से लेकर रिंगनी एवं खरौद आने जाने वालों को सुविधा मिलेगी। साथ ही साथ इस मार्ग के माध्यम से शिवरीनारायण की दूरी भी कम होगी।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले में पहली बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के माध्यम से सलखन से रिंगनी के मध्य 120 मीटर का पुल तैयार किया जा रहा है। इस पुल का निर्माण कार्य अप्रैल 2023 से शुरू हुआ है। वही अनुमान के अनुसार मार्च 2026 के बाद से इस पुल के माध्यम से आवाजाही शुरू हो जाएगी जिससे लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। इस मार्ग के माध्यम से लोग खरौद एवं अन्य मार्गों की ओर आवाजाही कर सकते हैं। हाई लेवल ब्रिज की लंबाई 1 किलोमीटर एवं 20 मीटर है। इसी प्रकार इसकी चौड़ाई 7 मीटर से अधिक की बताई जा रही है। बरसात के दिनों में देखा जाता है कि रिंगनी एवं सलखन मार्ग में स्थित पुल की ऊंचाई काफी कम होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। साथ ही लोगों को बरसात के दिनों में जांजगीर सहित शिवरीनारायण तरफ आने जाने में 20 से 25 किलोमीटर तक अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में पुल बनने के बाद लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। पुल निर्माण कार्य 5 करोड 16 लाख की लागत किया जा रहा है।



सलखन में बन रहा पुल।

### चल रहा निर्माण कार्य

ग्राम सलखन से रिंगनी के मध्य 120 मीटर लंबा पुल तैयार किया जा रहा है। कार्य अंतिम चरण में है पुल बनने के बाद लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी।

-ऐश्वर्या कुमार वर्मा,
कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

## मस्जिद रोड में सड़क निर्माण नहीं होने पर नपाध्यक्ष करेंगी धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के मस्जिद रोड में सड़क निर्माण कार्य निविदा निकाले जाने के 10 माह बाद भी प्रारंभ नहीं हुआ है जिससे क्षुब्ध होकर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी ने 3 जनवरी तक मस्जिद रोड में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर धरना प्रदर्शन में बैठने की चेतावनी दी है।

नगर के थाना रोड एवं मस्जिद रोड के जर्जर स्थिति को देखते हुए नगर विकास समिति के तत्वाधान में आंदोलन किया गया था। साथ ही विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के बहिष्कार करने की चेतावनी दिए जाने पर 10 माह पूर्व नगर पालिका के द्वारा दोनों ही मार्गो में सड़क निर्माण के लिए निविदा जारी की गई थी। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी ने सीएमओ संजय सिंह एवं ठेकेदार को तलब किया एवं सड़क निर्माण कार्य में विलंब होने की जानकारी ली। मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह के द्वारा भी ठेकेदार को सड़क निर्माण कार्य में हो रहे विलंब के लिए फटकार लगाई गई।



1- JAN- Janj- bhoomi -pg 2_Layout 1 1/1/2026 10:08 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति के विकास बने कार्यवाहक अध्यक्ष



**कोरबा।** पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति के केन्द्रीय कार्यालय राजेन्द्र प्रसाद भवन, रिकाण्डो रोड कुआँभट्ठा कोरबा में समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के लगभग 50 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से विकास सिंह को समिति का कार्यवाहक अध्यक्ष तथा प्राण नाथ मिश्रा को पीआरओ (जनसंपर्क अधिकारी) नियुक्त किया गया। संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आगामी दिनों में जिला स्तर पर कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के गठन का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए आगामी माह में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किए जाने पर भी सहमति बनी। बैठक में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह, संरक्षक राजकिशोर प्रसाद, सचिव अरविंद शर्मा, बृज भूषण प्रसाद, विजय यादव, पवन विश्वकर्मा, सुनील सिंह, अमित सिंह, धन्नू यादव, परवेज अंसारी, राजेश यादव, सोनू सिंह आदि उपस्थित थे।

### अधिकारी कर्मचारियों ने रैली निकालकर अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 31 दिसंबर को तीन दिवसीय आंदोलन के अंतिम दिन कर्मचारियों अधिकारियों ने अपने विभिन्न लंबित एवं मांगों को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए रैली निकाली गई। रैली में जिलेभर से पहुंचे कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए। उनकी मांग है कि केंद्रीय कर्मचारियों के समान डीए देय तिथि से, समय मान वेतनमान, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, अर्जित अवकाश के नगदीकरण सहित सहित अन्य मांगों संविदा दैनिक वेतन भोगी अनियमित कर्मचारियों की नियमिति करण, टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने, विद्या समीक्षा केंद्र निजी मोबाइल से हटाते हुए सरकार द्वारा सिस्टम दिए जाने सहित 11 सूत्रीय मांग रखी गई ह। रैली के पश्चात फेडरेशन के पदाधिकारी केआर डहरिया, जगदीश खरे, तरुण सिंह राठौर, ओमप्रकाश बघेल, आरडी श्रीवास, पीयूष निर्मलकर, एमएस राठिया, नित्यानंद यादव, कृति लहरे, विनोद सांडे, आरआर श्रीवास, राजेश तिवारी, सीएल पटेल, रामकपुर कुर्रे आदि उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेसियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया सह प्रभारी सुश्री मोनिका मंडरे के अनुमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस कोरबा शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय जाकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर डीएड एवं बीएड संघ के अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए न्यायालय के आदेश का पालन करने की मांग किया है। युवा कांग्रेस कोरबा शहर जिला अध्यक्ष राकेश पंकज ने बताया कि प्रदेश भर में 2300 सहायक शिक्षकों की रिक्त पदों को भरने की घोषणा अब तक पूरी नहीं हो पाई जिस पर उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा 26 सितंबर 2025 को आदेश पारित किया कि दो माह के भीतर प्रक्रिया पूरी कर रिक्त पदों को भरा जाए लेकिन तीन माह बीत जाने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया के प्रारंभ होने का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीण जिला अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि पिछले दो वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे सैंकड़ों योग्य अभ्यर्थियों के हित में न्यायालय का फैसला आने के बावजूद आदेश का पालन नहीं होना दुर्भाग्यजनक है।

# ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाया चेक डेम, सब्जी उत्पादन का बढ़ा रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

भूजल स्तर नीचे होने के कारण पानी का संकट झेलने वाले सोनगुढ़ा के ग्रामीणों ने गांव से लगे बरसाती नाले में पानी रोकने के लिए स्वयं सेवी संस्था के साथ मिलकर चेक डेम का निर्माण किया और इससे सब्जी उत्पादन सहित अन्य फसल लेने लगे। कभी गांव में पेयजल के लिए मारामारी मची रहती थी अब ग्रामीण अपनी तस्वीर बदलने लगे हैं।

पेयजल संरक्षण के लिए जिले में सरकारी मशीनरी के साथ स्वयं सेवी संस्थाएं काम कर रही हैं। कृषि विभाग का जल ग्रहण मिशन अपने स्तर पर काम कर रहा है। इनके अलावा स्वयं सेवी संस्थाएं भी ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से जुड़कर जल संरक्षण के क्षेत्र में ग्रामीणों का सहयोग कर रही हैं। जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सोनगुढ़ा जहां जल स्तर आम दिनों में भी नीचे होने के कारण बरसात में भी कुंए पूरी तरह भर नहीं पाते। 30 हाथ नीचे पानी कुंए भी रहता है। गर्मी के दिनों में और भी बिगड़ जाती थी। इस स्थिति से निपटने के लिए स्वयं सेवी संस्था स्त्रोत ने सोनगुढ़ा को अपने जल ग्रहण मिशन के दायरे में शामिल किया और ग्रामीणों को इस अभियान से जोड़ा, इसके लिए संस्था ने ग्रामीणों की बैठक लेकर गांव के समीप बहने वाले बरसाती नाले, तालाबों का गहरीकरण और छोटे छोटे पानी रोकने वाले स्ट्रेक्चर बनाने का काम शुरु कराया। संस्था के इस पहल का ग्रामीणों ने आगे बढ़कर सबसे पहले काम गांव के समीप बहने वाले बरसाती नाले को चुना जहां बरसात का पूरा पानी गांव से बाहर बह जाता था। उक्त पानी को रोकने के लिए गांव के ग्रामीणों ने नाले में ही चेक डेम का निर्माण किया। बहुत कम समय में ग्रामीणों ने चेक डेम का निर्माण अपने स्तर पर किया और आज चेक डेम में पानी बरसात के बाद भी लबालब भरा हुआ है। चेक डेम के आसपास नमी आने से ग्रामीण सब्जी के उत्पादन करने लगे हैं और फसल भी लेने शुरु कर दिये हैं।

## सोनगुढ़ा में पेयजल संकट से जूझते हैं ग्रामीण

**खास बातें**

- जल ग्रहण मिशन से जुड़े ग्रामीण
- ग्राम सोनगुढ़ा में जल संकट के निराकरण का शुरु हुआ अभियान



### पहाड़ी में पानी रोकने चला अभियान

गांव से कुछ दूर बरसाती नाले से लगे छोटी सी पहाड़ी में पानी रोकने के लिए कंटूर लाइन, एक फूट गहरे गढ्ढे जैसे छोटे छोटे स्ट्रक्चर पूरी पहाड़ी में तैयार किया। यहां संस्था के सहयोग से पौध रोपण भी कराया गया है। ताकि पहाड़ी क्षेत्र से आने वाले पानी को बहने न दिया जाए। पहाड़ के निचले हिस्से में छोटी छोटी नाली भी बनाई गई। जिससे पानी उन्हीं नालियों में बहकर बरसाती नाली तक पहुंचा। संस्था के कोऑर्डिनेटर सत्यप्रकाश ने बताया कि ग्राम सोनगुढ़ा में पानी का स्तर नीचे था, जल ग्रहण से कुछ स्थितियां सुधरी है।

## स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ. अर्पण विश्वास के साथ मारपीट का मामला

# सीएमओएआई के अधिकारियों ने काला फीता लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ.अर्पण विश्वास के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई मारपीट को लेकर सीएमओएआई गेवरा क्षेत्र के अधिकारियों ने गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में काला फीता लगाकर अपना विरोध जताया। घटना के बाद से अधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है और सभी ने कार्य के दौरान अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

**खास बात**

- अधिकारी अपनी सुरक्षा के प्रति चिंतित, प्रबंधन और प्रशासन से ठोस कार्रवाई की अपील

उल्लेखनीय है कि सोमवार को ग्राम रलिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया था। इलाज के लिए पहुंचे ग्रामीण रामनारायण पटेल को डॉ.अर्पण विश्वास ने नियमपूर्वक कतार में खड़े होकर उपचार कराने को कहा। इस बात पर पटेल ने आपत्ति जताई और डॉ.अर्पण को देख लेने की धमकी दी। शिविर समाप्त होने के बाद जब डॉ.अर्पण विश्वास स्टाफ और एम्बुलेंस कर्मियों के साथ वापस लौट रहे थे, तभी रामनारायण पटेल, नीरज पटेल और दो अन्य युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने डॉ.अर्पण के साथ गाली-गलौज करते हुए उन पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस हमले में डॉ.अर्पण की आंख, सीने और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। किसी तरह जान बचाकर डॉ.अर्पण और स्टाफ वहां से निकले और दीपका थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। हरदीबाजार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना की अधिकारियों ने कड़ी निंदा की है। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में सीएमओएआई क्षेत्र के अधिकारी मौजूद रहे और एकजुटता का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले भी एल एंड आर विभाग के अधिकारी शिखर सिंह चौहान के साथ इसी तरह की मारपीट की घटना हो चुकी है, लेकिन अब तक दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है। लगातार हो रही घटनाओं के चलते अधिकारी दहशत और असुरक्षा के माहौल में काम करने को मजबूर हैं। प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों ने कहा कि वे अपनी सुरक्षा, सम्मान और सुरक्षित कार्यस्थल को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कोल इंडिया प्रबंधन और राज्य शासन से ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही एक सप्ताह तक काला फीता लगाकर इस घटना का विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है।




काला फीता लगाकर विरोध प्रदर्शन करते सीएमओएआई के अधिकारी।

### आईएमए ने दी आंदोलन की चेतावनी



इस घटना के बाद चिकित्सा समुदाय में भारी आक्रोश है और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोरबा ने इस हमले की तीखी निंदा की है। आईएमए अध्यक्ष डॉ.एस चंदानी एवं सचिव डॉ. अजय स्वर्णकार ने संयुक्त बयान में कहा कि डॉक्टरों पर हमला केवल व्यक्ति विशेष पर नहीं, बल्कि पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था और समाज के विश्वास पर हमला है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था लागू नहीं की गई, तो डॉक्टर सामूहिक एवं लोकतांत्रिक कदम उठाने को मजबूर होंगे।

# पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई 58 वारंटियों की गिरफ्तारी



पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान ऑपरेशन शांति संचालित किया जा रहा है। नववर्ष के पूर्व कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीसरे दिन साल के अंत से ठीक पहले भी कार्रवाई जारी रखते हुए 58 वारंटियों को गिरफ्तार किया था। जिनमें 17 स्थायी वारंटी शामिल हैं। इस प्रकार 3 दिन में कुल 152 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। ये सभी आरोपी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी गिरफ्तारी वारंट के बावजूद लंबे समय से गिरफ्तारी से बचते हुए फरार चल रहे थे। जिन पर सतत निगरानी रखकर योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर गिरफ्तारी की गई है। इस प्रकार 3 दिन में पुलिस ने 152 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुका है। इस अभियान के अंतर्गत आज की कार्यवाई में मानिकपुर चौकी, थाना कोतवाली एवं

**खास बात**

- 3 दिन में 152 आरोपी हुए गिरफ्तार

# घर में घुसकर युवक से मारपीट घायल युवक अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में नशेड़ी युवकों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इमलीडुग्गू निवासी संजय यादव के घर घुसकर कुछ लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। मारपीट करने वाले लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं और उनके द्वारा अक्सर लोगों के द्वारा मारपीट की जाती है।



घायल युवक।

नशेड़ियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में गीला और सुखा नशा करने में माहिर एक परिवार के लोग निर्भय होकर लोगों को साथ मारपीट कर रहे हैं। इमलीडुग्गू निवासी संजय यादव पर महेश साहिल बिट्टू छोटू पांडे, विजय पांडे, उमेश सागर व अन्य लोगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। अंदरूनी चोटों के साथ ही संजय के सर पर भी गंभीर चोट लगी है, जिसके उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संजय के भाई विजय ने बताया कि मारपीट करने वालों को किसी का भय नहीं था। विजय ने बताया कि मारपीट करने वाले इन यूवको में से अधिकांश एक ही परिवार के हैं और उन्होंने धर्मांतरण कर लिया है। वे अक्सर लोगों के साथ मारपीट करते रहते हैं, पुलिस से शिकायत की बात जब कोई करता है तो उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है। यही उनके परिवार के साथ भी हुआ। शिकायत के बाद भी पुलिस इनके खिलाफ कार्यवही नहीं करती। पुलिस शिकायत करने वाले पहुंचे लोगों को आपस में सुलह करने की सलाह देकर रवाना कर देते हैं।



### सड़क दुर्घटना में तीन मवेशियों की मौत

**चैतमा।** बीती रात सड़क पार कर रहे तीन भैंस एवं एक बच्चा नेशनल हाईवे पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन भैंस व एक भैंस का बच्चा मौके पर ही मौत हो गई। ज्ञात हो की नेशनल हाईवे पर आए दिन एक्सीडेंट से मवेशियों की मौत हो रही है तो कहीं छोटे वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

### जिले के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण सहित 16 पदक पर किया कब्जा

**कोरबा।** डीपी विप्र कॉलेज बिलासपुर में 27 व 28 दिसंबर को राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता आयोजित थी। कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 515 खिलाड़ियों (छात्र-छात्राएं) ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता जूनियर, सब-जूनियर और सीनियर वर्गों में 5 वर्ष से लेकर 21 प्लस आयु वर्ग तक के लिए आयोजित की गई। मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला रहे। प्रतियोगिता में जिले खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण पदक सहित 16 पदक जीतते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बांकीमोंगरा के एसके कराते स्पोर्ट्स एकेडमी के 12 बच्चों ने हिस्सा लिया था। इनमें युवान कुर्रे ने 2 रजत पदक, आलोक महंत 1 रजत, 1 कांस्य, अंशिका मिश्रा 1 स्वर्ण पदक, अभिषेक सिंह 1 स्वर्ण, 1 रजत, झील कुर्रे 1 स्वर्ण, 1 रजत, खुशी सिंह 1 कांस्य पदक, सामिया 1 स्वर्ण पदक, कुनाल कश्यप 2 कांस्य पदक, दामिनी कुमारी 1 कांस्य पदक, हिना पटेल 1 स्वर्ण पदक, रीना पटेल 1 रजत पदक जीतने में सफल रहे।

## विधायक प्रेमचंद पटेल के नेतृत्व में मिले थे ग्रामीण

# ग्रामवासियों ने कलेक्टर को बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार के ग्रामवासियों ने 9 बिंदु पर मांग पत्र कलेक्टर कुणाल दुदावत को सौंपा है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर,भाजपा जिला मंत्री अजय दुबे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, रघुराज सिंह उईके, रामू जायसवाल, पंच इंद्रभूषण ओंडे, मन्नु सांई राठौर ने हरदीबाजार क्षेत्र के विस्थापन बसावट, मूआवज़ा, रोजगार नौकरी, त्रिपक्षीयवार्ता कराने सहित क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न मूलभूत समस्याओं व सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान हरदीबाजार के विस्थापित परिवारों की समस्याओं, उनके पुनर्वास, उचित मूआवज़ा एवं रोजगार उपलब्ध कराने की आवश्यकता को कलेक्टर महोदय को अवगत कराया गया। साथ ही क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य एवं अन्य जनसुविधाओं से संबंधित मुद्दों को भी प्रमुखता से रखा गया। कलेक्टर से जनहित से जुड़े विषयों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई का आग्रह किया गया, जिस पर उन्होंने संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। क्षेत्रवासियों के अधिकारों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कहीं। सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बताया कि कलेक्टर महोदय से शिष्टाचार भेंट में हरदीबाजार की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही 2004-2010 व 2024 अधिग्रहण के बाद भी हरदीबाजार की लगभग 250 एकड़ को अधिग्रहण हे बाहर कर दिया गया है,जिसे भी एसईसीएल दीपका प्रबंधन को अधिग्रहण करने,गांव में पीने व निस्तारी के लिए पानी की गंभीर समस्या से अवगत कराया गया। साथ ही प्रबंधन, प्रशासन व ग्रामीणों के मध्य त्रिपक्षीय वार्ता करने की बात कहीं गई। जिसपर जिला कलेक्टर के द्वारा जल्द ही बैठक कराने साथ ही जल्दी ही हरदीबाजार व बसाहट स्थल का निरीक्षण करने की बात कहीं गई ।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते कटघोरा विधायक एवं अन्य।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.F.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

1-Jan- Jash-Coriya-Rag-Jan-Bhoomi pg-3_Layout 1 1/1/2026 7:32 PM Page 1



# 2026 में लगा 5250 करोड़ का दांव!

## इन पांच अपकमिंग फिल्मों से दहलेगा बॉक्स ऑफिस




### बॉर्डर 2

सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारों से सजी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म बॉर्डर 2 अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म गणतंत्र दिवस से पहले यानी 23 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का बजट 150 से 300 करोड़ रुपए के बीच बताया जा रहा है।

साल 2025 में छावा, सैयारा और धुरंधर जैसी फिल्मों के तूफान ने अब 2026 के लिए उम्मीदें बढ़ा दी हैं। यह साल इन तीन फिल्मों के लिए सबसे खास रहा। एक हिस्टोरिकल, एक रोमांटिक और एक स्पाई थ्रिलर का जलवा इतना जबरदस्त रहा कि मेकर्स मालामाल हो गए। अब इंतजार साल 2026 का है। नए साल में नया धमाका होने वाला है। इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं जिन पर मेकर्स बेतहाशा पैसा लगा रहा हैं। इस साल पांच बड़ी फिल्मों पर 5 हजार से भी ज्यादा का दांव लगाया गया है।

### धुरंधर 2

आदित्य धर निर्देशित धुरंधर की सफलता के बीच इसके दूसरे पार्ट यानी धुरंधर 2 का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। फिल्म चार महीने के अंदर ही थिएटर्स में दस्तक देने वाली है। यह 2026 की मोस्ट एंटीसिपेटेड मूवीज में से एक है जो अगले साल 19 मार्च को बड़े पर्दे पर आएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले और दूसरे पार्ट को मिलाकर मेकर्स ने करीब 400 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।




### रामायण

2026 में रिलीज हो रही सबसे बड़ी फिल्मों में एक नाम रामायण का भी है जिसको लेकर पिछले कुछ सालों से चर्चा है। दो पार्ट में रिलीज हो रही फिल्म पर कथित तौर पर 4000 करोड़ रुपए बजट लगाया जा रहा है। पहला पार्ट 2026 की दीवाली पर रिलीज होगी और दूसरा पार्ट 2027 में आएगा। फिल्म में भगवान राम का किरदार रणबीर कपूर निभाते हुए दिखाई देंगे।

### लव एंड वॉर

हीरामंडी सीरीज के बाद अब संजय लीला भंसाली लव एंड वॉर लेकर आ रहे हैं। इस मच अवेटेड फिल्म में विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कथित तौर पर इस फिल्म को 200 करोड़ रुपए में बनाया जा रहा है।

### किंग

तीन साल बाद फिर से बॉलीवुड के बादशाह शाह रुख खान की वापसी होने जा रही है। वह सिद्धार्थ आनंद निर्देशित किंग में नजर आएंगे जो अगले साल रिलीज होगी। हालांकि, अभी तक इसकी रिलीज डेट कन्फर्म नहीं की गई है। फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।





# 120 बहादुर ओटीटी पर 16 जनवरी को होगी रिलीज

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' अब ऑनलाइन रिलीज होने के लिए तैयार है। आप इस फिल्म को नए साल पर और गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले घर बैठकर देख सकेंगे। ये दो महीने पहले थिएटर्स में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद '120 बहादुर' फिल्म अब डिजिट रिलीज के लिए तैयार है। ये ऐतिहासिक वॉर ड्रामा 21 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुआ था। अब जनवरी 2026 में ओटीटी पर दस्तक दे देगी। '120 बहादुर' फिल्म 16 जनवरी 2026 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म केवल सब्सक्राइबर्स के लिए ही उपलब्ध होगी।

## लाइफ Style

# चित्रांगदा

## अकेली हूं पर कोई बेचैनी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चित्रांगदा सिंह ने साल 2005 में 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' से फिल्मों में डेब्यू किया। अपने कॅरियर की शुरुआत से ही जोधपुर में पैदा हुई इस हसीना ने इंडस्ट्री में अपने अभिनय का सिक्का जमाया। अर्थपूर्ण भूमिकाओं को तरजीह दी।

ये साली जिंदगी, इनकार, साहब बीवी गैंगस्टर 3 जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब सराहना हुई। लेकिन, उनके कॅरियर का सबसे मुश्किल दौर वो था, जब सात साल के अंतराल के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कमबैक किया। एक सिंगल पैरंट होने ले कारण आप कितनी सशक्त हुई हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इस बारे में कोई बात करना चाहूंगी, क्योंकि मेरा मानना है कि को-पैरेंटिंग होती है, सिंगल पैरेंटिंग नहीं होती। मैं इसमें किसी चीज का क्रेडिट नहीं लेना चाहूंगी। को-पैरेंटिंग जरूरी है। ये आवश्यक है कि आप उसे किस परिपक्वता के साथ हैंडल करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन के अप्स एंड डाउन ने मुझे बहुत हेल्प किया। वो जरूरी था बहुत। आपकी जो इमोशनल ग्रोथ होती है, वो निजी जिंदगी की कठिनाइयों से ही आती है। जो चीजें आपको व्यक्तिगत जीवन में प्रभावित करती हैं, उन्हीं से आप सबक लेकर मजबूत बनते हैं। उन तमाम उतार-चढ़ावों ने मेरी बहुत मदद की और आज में काफी खुशनुमा व्यक्ति हूं। आज मैं अपने आपको ज्यादा समझती हूं और खुद से खुश भी हूं कि आज मैं अकेली हूं, मगर मेरे अंदर बेचैनी नहीं है। एक अभिनेत्री के रूप में भी मैं आज भावनात्मक रूप से संपन्न हूं।



## हॉलीवुड मसाला

# डूम्सडे में थॉर की वापसी का ऐलान



**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो ने 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के चार टीजर में से दूसरा भी रिलीज कर दिया है। पहले जहां कैप्टन अमेरिका की एमसीयू में वापसी का टीजर शेयर किया गया था, वहीं, अब नए टीजर में थॉर की वापसी का ऐलान किया गया है। वह अपने दिवंगत देवता पिता ओडिन से आखिरी युद्ध पर जाने के लिए आशीर्वाद मांग रहा है। मार्वल वाले 'डूम्सडे' की कहानी को लेकर भरपूर सीक्रेसी बना रहे हैं। हालांकि, उनके चार में से तीन टीजर रिलीज से पहले ही लीक हो गए और फैंस को डॉक्टर डूम के रूप में रॉबर्ट डाउनी जूनियर की भी झलक दिख गई।



# टायरीज ने 14 साल की उम्र में सड़कों पर देखे थे दंगे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टायरीज डार्नेल गिब्सन ने एक ऐसी फिल्म की थी, जिसमें काम करते वक्त इनकी रूह कांप गई थी। जानते हैं क्यों? लॉस एंजिल्स के जिस दंगे पर ये फिल्म बनी थी इन्होंने अपने सामने होते हुए देखे थे। तब वो महज 14 साल के थे। उन्होंने सड़कों पर लूटपाट, दंगे और विरोध प्रदर्शन देखा था, और फिल्म करते वक्त वो सब मंजर आंखों के आगे तैर गया था। टायरीज का बचपन काफी स्ट्रगल से भरा रहा। वे लॉस एंजिल्स के वॉट्स इलाके में पले-बढ़े, जिसे अमेरिका के डिफिकल्ट सोशल एरियाज़ में गिना जाता है। शुरुआती दिनों में उन्होंने ऐड से कॅरियर की शुरुआत की। 1990 के दशक में एक कोका-कोला ऐड से उन्हें पहली बार काफी पहचान मिली। इसके बाद उनका इंटरेस्ट म्यूजिक की ओर गया और 1998 में उन्होंने अपना पहला आर एंड बी एल्बम टायरीज रिलीज किया, जो काफी सफल रहा।

## टीवी मसाला



# केबीसी 17 फिनाले में सिंगिंग का हुनर दिखाएंगे बिग बी

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का क्विज बेस्ड रियालिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन फिनाले के करीब पहुंच गया है। 'केबीसी 17' का फिनाले वीक जारी है जिसकी शुरुआत कुमार मंगलम बिरला के एपिसोड से हुई और अब ये खत्म होने को आया है। आखिरी एपिसोड में अमिताभ बच्चन फैंस को अपने स्पेशल सरप्राइज से हैरान करने वाले हैं। बिग बी लास्ट एपिसोड में करीबन 32 मिनट तक नॉन स्टॉप गाने गाते नजर आएंगे। अमिताभ बच्चन अपने कुछ पसंदीदा गीत गाते दिखेंगे। उन्होंने बागबान का होरी खेले रघुवीरा, सिलसिला का रंग बरसे भीगे चुनरवाली, तीसरी कसम का चलत मुसाफिर, लावारिस का मेरे अंगने में जैसे अपने सदाबहार गाने और कुछ खास पारंपरिक गीत भी गाए। कुल 32 मिनट तक बिग बी ने गाना गाकर फैंस का मनोरंजन किया। अमिताभ बच्चन का यह अनोखा और भावुक अंदाज पूरे स्टूडियो का माहौल और भी खास बना देगा और फिनाले को एक बड़े जश्न में बदल देगा। यह खास पल तब सामने आएगा जब सेट पर एक स्पेशल एवी चलाया जाएगा, जिसमें सीजन की यात्रा, कहानियां और भावनात्मक लम्हे दिखाए जाएंगे। इस फिल्म को देखकर कंटेस्टेंट्स, ऑडियंस और खुद अमिताभ बच्चन भी भावुक हो जाते हैं। सभी का जोश बढ़ाने के लिए बिग बी ने खुद बिना रुके गाने का फैसला किया। अमिताभ बच्चन लगातार गाते नजर आएंगे और ऑडियंस खड़े होकर तालियां बजाएगी, चीयर करेगी और उनके साथ गाएगी।'कौन बनेगा करोड़पति' की बात करें तो यह शो नॉलेज देने के साथ-साथ फिल्ममेकर्स के लिए अपनी फिल्मों और प्रोजेक्ट्स के प्रमोशन का हॉटस्पॉट भी बन गया है।

# नीम करोली बाबा पर नई वेब सीरीज 'संत', एआई से दिखाए जाएंगे कैंची धाम बाबा के चमत्कार

**मुंबई।** चमत्कारी संतों में शुमार किए जाने वाले नीम करोली बाबा की जिंदगी पर एक वेब सीरीज का ऐलान किया गया है, जिसका नाम 'संत' है। यह सात पार्ट की वेब सीरीज होगी, जिसे कई भाषाओं में बनाया जाएगा। इसमें महान संत नीम करोली बाबा के जीवन, दर्शन और वैश्विक प्रभाव की कहानी दिखाई जाएगी। नीम करोली बाबा, कैंची धाम बाबा के नाम से भी मशहूर हैं। ये वही संत हैं, जिन्होंने स्टीव जॉब्स, मार्क जकरबर्ग और जूलिया रॉबर्ट्स जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों को भी गहराई से प्रभावित किया था। 'संत' सीरीज नीम करोली बाबा की असाधारण आध्यात्मिक यात्रा, उनके प्रेम, सेवा, भक्ति और करुणा के दर्शन को आधुनिक सिनेमा की भाषा में दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास है। 'संत'को एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो भारतीय आध्यात्म और विश्व सिनेमा के बीच एक पुल का काम करेगा।



**2 साल से चल रहा काम** : इस प्रोजेक्ट पर पिछले दो साल से काम चल रहा है, जिसमें रिसर्च भी शामिल है। इसमें आध्यात्मिक विद्वानों, इतिहासकारों और क्रिएटिव एक्सपर्ट्स की भी मदद ली गई है ताकि प्रेजेंटेशन पूरी तरह प्रामाणिक, संवेदनशील और गहराईपूर्ण हो।

### 20 भाषाओं में बनेगी 'संत' सीरीज

नीम करोली बाबा पर 'संत' सीरीज को 20 भाषाओं में तैयार किया जाएगा। इसमें AI की मदद ली जाएगी और नीम करोली बाबा के विजुअल्स तैयार किए जाएंगे। साथ ही इसमें लाइव-एक्शन सिनेमैटिक शूट और हाई-एंड वीएफएक्स भी भरपूर होंगे ताकि अलग-अलग कालखंडों और घटनाओं को उसी तरह से प्रभावशाली ढंग से दिखाया जा सके, जैसी वो घटी थीं।

# 2026 में पर्दे पर धमाल मचाने आ रहीं हॉलीवुड की ये फिल्में

**मुंबई।** साल 2026 आने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और नए साल के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्मों की जबरदस्त हलचल देखने को मिलेगी। सुपरहीरो यूनिवर्स, ऐनिमेशन, हॉरर और एडवेंचर से भरपूर कई बड़ी फिल्में 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं, जिनका दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

**स्पाइडरमैन- ब्रैंड न्यू डे** : मार्वल स्टूडियोज की यह फिल्म स्पाइडरमैन फ्रैंचाइजी को एक नए दौर में ले जाती है। टॉम हॉलैंड एक बार फिर पीटर पार्कर के रूप में लौट रहे हैं। 'नो वे होम' के बाद पीटर की जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी है और यही बदलाव इस फिल्म की कहानी की बुनियाद बनेगा। फिल्म में जेंडाया और जैकब बैटलोन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ये फिल्म 31 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

**अवेंजर्स डूम्सडे** : मार्वल यूनिवर्स की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'अवेंजर्स डूम्सडे' को फेज-6 की सबसे निर्णायक फिल्म माना जा रहा है। इस बार कहानी मल्टीवर्स के सबसे खतरनाक खतरे पर आधारित होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में कई पुराने एवेंजर्स के साथ नए सुपरहीरो भी शामिल होंगे। यह फिल्म 2026 के अंत में 18 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

**टॉय स्टोरी 5** : पिक्सार की सुपरहिट एनिमेटेड सीरीज 'टॉय स्टोरी' की पांचवीं फिल्म बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी भावुक करने वाली है। वुडी, बज और उनके दोस्त एक नई दुनिया और नई चुनौतियों का सामना करते नजर आएंगे। इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट पोर्टल्स के अनुसार 'टॉय स्टोरी 5' 2026 की 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।








**28 ईयर्स लेटर- द बोन टेंपल** : हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए 28 ईयर्स लेटर फ्रैंचाइजी की यह अगली कड़ी किसी तोहफे से कम नहीं है। 28 ईयर्स लेटर में वायरस से तबाह दुनिया की कहानी को और भी डरावने और यथार्थ रूप में दिखाया जाएगा। फिल्म में नए कलाकारों के साथ पुराने किरदारों की झलक भी देखने को मिल सकती है। ये फिल्म अगले साल 16 जनवरी को दस्तक देने जा रही है।

**जुमानजी 3** : ड्वेन जॉनसन, केविन हार्ट और जैक ब्लैक स्टारर 'जुमान जी' एक बार फिर एडवेंचर और कॉमेडी का तड़का लगाने आ रही है। इस बार जुमांजी की दुनिया और भी खतरनाक और रहस्यमयी होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये फिल्म 11 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।

**द ओडिसी** : प्रसिद्ध ग्रीक महाकाव्य पर आधारित द ओडिसी एक भव्य ऐतिहासिक-एडवेंचर फिल्म होगी। इसमें युद्ध, साहस और इंसानी संघर्ष को बड़े पैमाने पर दिखाया जाएगा। हॉलीवुड की बड़ी प्रोडक्शन कंपनियां इस प्रोजेक्ट को अवॉर्ड-कंटेंडर मानकर चल रही हैं। ये फिल्म अगले साल 17 जुलाई को रिलीज होने जा रही है।

**द मंडलोरियन एंड ग्रोगु और सुपरगर्ल** : स्टार वॉर्स यूनिवर्स की यह फिल्म डिज्नी प्लस की लोकप्रिय सीरीज को बड़े पर्दे पर लेकर आएगी। मंडलोरियन और ग्रोगु की जोड़ी एक नए मिशन पर निकलती नजर आएगी। इंटरनेशनल रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म 2026 की 22 मई को रिलीज होने वाली है।

**स्ट्रीट फाइटर** : फेमस वीडियो गेम पर आधारित स्ट्रीट फाइटर एक बार फिर लाइव-एक्शन अवतार में लौट रही है। फिल्म में दमदार फाइट सीक्वेंस, नए किरदार और हाई-ऑक्टेन एक्शन देखने को मिलेगा। मेकर्स इसे ग्लोबल ऑडियंस के लिए बड़े स्तर पर पेश करने की तैयारी में हैं। ये फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को रिलीज होगी।

**खबर संक्षेप**

## सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक को दी गई भावभिनी विदाई



**पामगढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिलारी में पदस्थ शिक्षक मंगल चंद कश्यप के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन पूर्व छात्रों के द्वारा किया गया। समारोह में पूर्व से सेवा निवृत शिक्षक केशर लाल साहू, प्रमोद कुमार शुक्ला, मिठाई लाल खांडे, रूद्र गिरी गोस्वामी और भरत सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर सभी गुरुजनो को श्रीफल साल एक गिफ्ट और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और आशीर्वाद लिया। विद्यालय परिवार की ओर से भी श्रीफल साल व बुके देकर सम्मान किया गया और अध्ययन रत छात्रों के पेन फूल माला पहना कर स्वागत किया। साथ ही साथ कमल निराला लाइफ इन्शुरेंश सलाहकार द्वारा पेन डायरी और बुके भेट कर विदाई दी गईं। तत्पश्चात पुरे परिवार के साथ रथ में सम्मान पूर्वक बिठा कर नगर भ्रमण करते हुए गृह ग्राम राहौद घर तक बाजे गाजे और फटाको के के साथ पहुंचा कर उनकी घर पर आरती सजा घर के अंदर प्रवेश कराया गए। कार्यक्रम में शिक्षक राकेश कुमार प्रधान, राजेंद्र कुमार देवांगन, राजेश कुमार देवांगन, विजय केशी, संतोष कश्यप, माखन आरले, सनद कुमार पटेल, अजय गोस्वामी, गौरी शंकर पटेल, शुभकरण राज, बसंत कुमार पटेल बलदाऊ पटेल, संतराम कुर्रे, विश्राम श्रीवास, सीताराम लदेर, जयपाल गिरी, कालीचरण यादव श्याम दास जवाहर राज, अखिलेश्वर सिंह, शिव कुमार साहू, बजरंगी साहू, शिव प्रसाद पटेल, लक्ष्मी पटेल, सगदन कश्यप उपस्थित थे।

## स्कूल परिसर में लगवाये 10 अशोक का पौधा, कराया न्यौता भोज

**बहेराडीह।** अंग्रेजी महीने के अनुसार एक जनवरी को नया वर्ष मनाया जाता है यह रोमन सम्राट



जूलियस सीजर की शुरुआत की गई है। उक्त बातें अशोक तिवारी शिक्षक ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिवनी के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विभाग में बच्चों को न्यू ईयर की जानकारी देते हुए कहा। उन्होंने आगे बताया कि ईसा पूर्व 46 में जूलियस सीजर ने कलैंडर जिसे आज हम देखते है। उसमें सुधार किया और बारह महीने में जनवरी को साल का पहला महीना घोषित किया और बाद में पोप ग्रेगरी ने कुछ और सुधार किए और ग्रिगेरियन कलैंडर बनाया। तब से हम प्रतिवर्ष एक जनवरी को नया वर्ष मनाते आ रहे है। उन्होंने बच्चों से कहा कि आज के दिन हमें कुछ ऐसा स्थाई और श्रेष्ठ कार्य करना चाहिए जो हमेशा याद रहे। इसी कड़ी में उन्होंने अपने विद्यालय परिसर में पुनः दस अशोक के पौधे सभी शिक्षकों के सहयोग से रोपित किए। उन्होंने स्कूल के समस्त बच्चों को मध्यान भोजन में केला का अतिरिक्त आहार देकर न्योता भोज भी कराया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक के प्रधान पाठक राजू प्रसाद देवांगन और गायत्री देवांगन ने बच्चों को प्रतिदिन एक घंटे अपने घर में पढ़ने की शुरुआत करने को कहा ताकि विषय की तैयारी अच्छे से हो सके। कार्यक्रम का संचालन यशवंत देवांगन तथा आभार नरेश देवांगन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नारायण चंद्रा, घनश्याम शुक्ला, गीता श्रीवास ,देवेंद्र सिंह सहित डीएड, बी एड के छात्राध्यापक उपस्थित थे।

## किरारी हायर सेकण्ड्री स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**किरारी।** किरारी हायर सेकण्ड्री स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए नवीन पाठ्य पुस्तक के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारंभ परिचय सत्र के साथ किया गया, जिसमें पिछले सत्र में किए गए शैक्षणिक कार्यों की समीक्षा की गई। प्रशिक्षण सत्र के दौरान नवीन पाठ्य पुस्तक के अंतर्गत किए जा रहे शैक्षणिक परिवर्तनों, बहुभाषिता तथा मौखिक भाषा के विकास पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जा रही है। मास्टर ट्रेनर सेवक दास महंत, कुलदीप कुंभकार एवं विश्वनाथ अघरिया प्रशिक्षणार्थियों को नवीन पाठ्य पुस्तकों के उद्देश्य, संरचना तथा कक्षा शिक्षण में उनके प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बहुभाषिक दृष्टिकोण अपनाने से विद्यार्थियों की समझ और अभिव्यक्ति क्षमता को और अधिक सशक्त किया जा सकेगा। कार्यक्रम में 83 शिक्षक–शिक्षिकाएं भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कियां। सत्रों के दौरान समूह चर्चा, गतिविधि आधारित शिक्षण तथा अनुभव साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य अंजूला सोनी ने कहा कि नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित प्रशिक्षण से शिक्षकों को शिक्षण की नई दिशा और दृष्टिकोण मिलेगी। इससे कक्षा शिक्षण अधिक प्रभावी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण में प्राप्त होने वाले ज्ञान को विद्यालय एवं कक्षा शिक्षण में व्यवहारिक रूप से लागू करने का आग्रह किया। प्रशिक्षण में मधु कारकेल, तीज राम लहरे, गणेश चौहान, रामप्रताप कश्यप, नेहा मरावी, पुष्पा सूर्यवंशी सहित अनेक शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित हैं।

### रक्तदान शिविर के साथ 37वॉं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ आगाज

# दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात नियमों का करें पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार 1 जनवरी को रक्तदान शिविर के साथ 37 वॉं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ कचहरी चौक सी- मार्ट जांजगीर में किया गया। शुभारंभ अवसर पर छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय द्वारा हरी झण्डी दिखाकर यातायात जागरूकता रथ को रवाना किया गया।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि जितनी हत्याएं जिले में वर्ष भर होती हैं उससे कहीं अधिक संख्या में सड़क दुर्घटनाओ में मृत्यु होती हैं। दुर्घटना में मरने वालों में बाइक चलाने वालों की संख्या सर्वाधिक 62 प्रतिशत है। अतः इस वर्ष मुख्य रूप से तेज गति से वाहन चलाने वालों, नशे में वाहन चलाने वालों, ट्रिपल सवारी और विशेष फोकस करते हुए प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। ब्लैक स्पॉट और ग्रे स्पॉट को पहले से ही चिन्हित करते हुए उन्हें एनएच, पीडब्ल्यूडी और आरटीओ के साथ मिलकर सुधारा जाएगा ताकि सड़क दुर्घटनाएं कम से कम हो, दुर्घटनाओं को रोकने के लिए थानावार कार्य योजना बनाई जाकर उस पर अमल किया जाएगा और साथ ही साथ आम जनता को भी विभिन्न कार्यक्रमों के



शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय।

माध्यम से अधिक जागरूक बनाया जाएगा। उन्होंने स्वयं रक्तदान करते हुए भी रक्तदान के महत्व को उजागर किया। साथ ही रक्तदान करें किंतु सड़कों पर नहीं के थीम वाक्य को सार्थक करते हुए अन्य लोगों को भी रक्तदान हेतु प्रेरणा दी। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि केवल यातायात पुलिस या परिवहन द्वारा कार्यवाही करने मात्र से ही दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लगेगा वरन इसमें आम जनता की भी महत्वपूर्ण भागीदारी होना अनिवार्य है, जब तक जनता स्वयं जागरूक नहीं होगी और यातायात नियमों का पालन नहीं करेगी तब तक हमें दुर्घटनाओं को रोकने में पूर्ण सफलता प्राप्त नहीं होगी। अतः उन्होंने पूरे समाज को इसमें जागरूक होकर भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल द्वारा हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही की सड़क किनारे बसे गांव के मितानों से सतत संपर्क बनाकर सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में तत्काल रिस्पांस करने हेतु आह्वान किया। उन्होंने जिले में नए ड्राइविंग स्कूल एवं फिटनेस सेंटर की स्थापना होने के संबंध में भी बताया। रक्तदान शिविर में एसपी विजय कुमार पांडेय के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उदयन बेहार भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाए। नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने ना दे। वाहन के संपूर्ण कागजात हमेशा दुरूस्त रखें। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन ना चलाए, नशे की हालत में वाहन ना चलाए, चार पहिया वाहन चालन के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाए, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग ना करें, सड़कों पर नो पार्किंग पर वाहन खड़ी कर दूसरों के लिए असुविधा या दुर्घटना का कारण ना बने। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप, सीएसपी योगिताबाली खापर्डे, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकगण एवं विभिन्न संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पुलिस द्वारा हर वर्ष माह जनवरी में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाता है जिसका मकसद, वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात पुलिस जिले के विभिन्न स्कूल, कालेज एवं राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय राजमार्ग के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में कई तरह की जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों से संबंधित जानकारी देकर नियमों का पालन कर वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया जाता है। साथ ही यातायात नियमों का पालन नही करने से होने वाले जान माल की हानि के बारे में बताया जायेगा।



## भाषा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अकलतरा

विकास खण्ड अकलतरा के तीनों जोन अकलतरा , पोड़ी दलहा एवं किरारी में प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय नवीन पा ठ्य पु स्त क उ न्मु खी क र ण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

**खास बात**

- पांच दिवसीय नवीन पाठ्यपुस्तक उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ

कार्यशाला के प्रथम सत्र की शुरुआत बीआरसीसी शैलेन्द्र सिंह बैस द्वारा सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर्स रश्मि दुबे,अमित धीरही एवं बबीता कुर्रे द्वारा सत्र का संचालन किया गया। कार्यशाला के पहले दिन नई शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा के अंतर्गत भाषा विकास से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मौखिक भाषा विकास, बहुभाषिकता सहित भाषा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर बातचीत हुई। इसके साथ ही साप्ताहिक योजना, दैनिक योजना, वार्षिक योजना, शिक्षण सामग्री, शिक्षण संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका एवं पाठ्यपुस्तक के बीच आपसी सामंजस्य को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई, ताकि शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को योजनाबद्ध, सतत और परिणामोन्मुख बनाया जा सके। यह कार्यशाला शिक्षकों को नवीन शैक्षणिक दृष्टिकोण से जोड़ने और कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शिक्षकों को संदर्शिका से अवगत कराया गया।तीनों जोन में मास्टर ट्रेनर्स एवं 180 शिक्षक,शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मिले



**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश के सहकारिता एवं वन मंत्री केदार कश्यप से जिले के तुलसी और कटौद सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारियों ने मुलाकात की। विगत दिवस मंत्री कश्यप की माता के शोक कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति तुलसी के प्राधिकृत अधिकारी किशोर कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि घासीराम कश्यप और सेवा सहकारी समिति कटौद के प्राधिकृत अधिकारी राजकुमार साहू, जनपद सभापति अखिलेश भीष्म, आनंद कश्यप पार्टी कार्यकर्त्ता, ललित केवट उनके निवास फरसागुड़ा,भानपुरी (बस्तर) पहुंचे। वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भेरिया इलेवन ने बिसोरा को हराकर चैंपियन ट्रॉफी पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिर्रा

ग्राम पंचायत बिर्रा के बाजार चौक के पास दशहरा मैदान में स्व गोविंद राम कश्यप शिक्षक की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एवं क्षेत्र के 32 टीमों ने हिस्सा लिया।

दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता 21 दिसंबर से शुरू हुआ। 29 और 30

- बिर्रा में आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

दिसंबर को सेमीफाइनल मुकाबले में उड़ीसा की बिसोरा और भेरिया टीम फाइनल पहुंची। 31 दिसम्बर को एक नहीं बल्कि त्रिकोणीय फाइनल महामुकाबला हुआ, जिसमें पहला 10 ओव्हर के मैच भेरिया इलेवन ने जीता, दुसरा 8 ओव्हर का मुकाबला बिसोरा ने और दोनों टीम की बराबरी होने पर तीसरा मैच 5-5 ओवर सुपर ओवर खेला गया। जिसमें भेरिया की टीम विजेता बनी। बिर्रा क्रिकेट प्रतियोगिता में जनप्रतिनिधि के साथ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में सक्ती जिला के पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल सिंह ठाकुर



मैच का शुभारंभ करते अतिथि।

भी शामिल हुए। उन्होंने हजारों दर्शकों से अपील करते हुए कहा कि यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें, क्योंकि जान है तो जहान है। फाइनल मुकाबले में उन्होंने राष्ट्रगान पश्चात टॉस की औपचारिकता पूरी करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रथम विजेता भेरिया इलेवन को समिति द्वारा 60 हजार रुपये, रनर अप उपविजेता टीम बिसोरा को 30 हजार रूपए दिया गया। तृतीय विजेता बंसुला आरवायसी को 10000 और चतुर्थ विजेता जैजैपुर को 5000 रूपये एवं चैम्पियन ट्रॉफी प्रदान किया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज रेंजर साईकिल, मैन ऑफ द मैच फाइनल 2101 रूपये व ट्राफी से सम्मानित किया गया। कामेंट्री के लिए कृष्णा साहू, भूपेंद्र कश्यप, पप्पू केंवट को सम्मानित किया गया। बेस्ट अम्पायरिंग उड़ीसा बबलू और बिट्टू सारंगढ़ को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ शुभम शुक्ला, एकादशिया साहू, मनबोध पटेल, राजकुमार कश्यप, हीराराम बंजारे, अवध बिहारी कश्यप, अभिराम कश्यप, बुधराम कश्यप, रामकुमार ढीमर, लक्ष्मी आदित्य, बजरंग साहू, कार्तिक पटेल, रमेश कुमार साहू, डॉ कुश पटेल, जगदीश बंजारे, कमल कटकवार, किशन कश्यप, विजय थवाईत, छोटेलाल केंवट, राधे ,लक्ष्मी कहार, अमित कश्यप, मन्ना, लोकेश कश्यप एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मिडिल स्कूल में हुई तोड़फोड़ सरपंच ने थाने में की शिकायत

**बहेराडीह।** मिडिल स्कूल बहेराडीह में एक बार फिर बदमाशों के द्वारा तोड़फोड़ किया गया है। घटना की जानकारी सरपंच ने चाम्पा थाना में लिखित रूप में दी गईं है। सालभर पहले भी मिडिल स्कूल और गौठान में तोड़फोड़ करने और चोरी करने वाले का नामजद लिखित रूप में थाने में शिकायत किया गया था, लेकिन मामले में किसी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने पर एक बार फिर बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। वहीं रात में आये दिन गांव में चोरी की घटना हो रहीं है। सरपंच चन्द्रकला सरवन कश्यप ने बताया कि 29 दिसंबर को रात्रि में बदमाशों ने मिडिल स्कूल के पानी भरने की सींटेक्स समेत दरवाजा और सोलर प्लेट की तोड़फोड़ किया गया है, जिसकी लिखित रूप में सूचना चाम्पा थाना प्रभारी को दी गईं है। इससे सालभर पहले 1 अप्रैल 2024 को भी मिडिल स्कूल समेत गौठान में शासकीय सम्पत्ति की चोरी करने वाले व्यक्ति का नामजद लिखित रूप में शिकायत थाना प्रभारी से किया गया था, लेकिन अभी तक मामले में किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया गया। एक बार फिर बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। सरपंच ने यह भी बताया कि आये दिन रात्रि में छोटी छोटी चोरी की घटना गांव में हो रहीं है। ऐसे में रात्रि में पुलिस का गस्त और पेट्रोलिंग आवश्यक हो गया है।



## पुत्रदा एकादशी पर श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अकलतरा

नगर के अग्रसेन नगर में श्री श्याम मनोहर मंदिर में पौष पुत्रदा एकादशी के अवसर पर श्री श्याम भक्तों द्वारा नगर के मुकीम उद्यान में स्थित पंचदेव मंदिर में खाटू श्याम के ध्वज की पूजा अर्चना करने के बाद पंचदेव मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली गई।

निशान यात्रा में श्याम भक्तों द्वारा 3 किलोमीटर नंगे पांव चलते हुए हाथ में 101 निशान ध्वज लेकर ब्लॉक ऑफिस रोड, अंबेडकर चौक, आजाद चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग, शास्त्री चौक, ओवरब्रिज, अग्रसेन नगर होते श्री श्याम मनोहर मंदिर में पहुंचे। निशान यात्रा में श्री खाटू श्याम की जय हो, हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा के नारों से नगर गूंज उठा।निशान यात्रा में खाटू श्याम को रथ में सवार करके नगर भ्रमण कराया गया, पौष महीने के शुक्ल पक्ष की



निशान यात्रा निकालते श्याम भक्त।

पौष पुत्रदा एकादशी के अवसर श्री श्याम भक्त मंडल अकलतरा द्वारा श्री श्याम मनोहर मंदिर में भगवान खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार करने के साथ बाबा का भव्य दरबार लगाया गया। श्याम बाबा को 56 भोग लगाने के साथ-साथ इत्र और पुष्प वर्षा की गई अखंड ज्योत का प्रज्वलन करने के साथ-साथ श्याम भक्तों द्वारा खाटू श्याम की पूजा अर्चना करने के साथ पावन ज्योत के दर्शन कर धोक लगाई गई। श्याम भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में कीतर्न भजन करने के साथ मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण किया गया।

## डीआईजी होमगार्ड के पद पर हुई पांडेय की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

डिवीजनल कमांडेंट अंबिकापुर में पदस्थ राजेश पाण्डेय की पदोन्नति डीआईजी होमगार्ड के पद पर हुई। उन्हें पीएचक्यू रायपुर में डीजीपी अरुण देव गौतम द्वारा पिपिंग सेरेमनी संपादित की गई।

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम सिवनी (नैला) निवासी राजेश पाण्डेय वर्तमान में डिवीजनल कमांडेंट के पद पर अंबिकापुर में पदस्थ थे। नव वर्ष में नगर सेना मुख्यालय रायपुर द्वारा उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नति दी गई। उन्होंने नव वर्ष के प्रथम दिवस ही अपनी उपस्थिति नगर सेना मुख्यालय में दी। पीएचक्यू रायपुर में डीजीपी अरुण देव गौतम



पदोन्नत होने पर राजेश पांडेय को पिपिंग पहनाते डीजीपी अरुण देव गौतम।

द्वारा पिपिंग सेरेमनी संपादित की गई। उल्लेखनीय है कि राजेश पांडेय सिवनी-नैला निवासी स्वर्गीय रामकुमार पाण्डेय के पुत्र हैं एवं विवेकानंद विद्यालय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के संचालक मनोज पाण्डेय के छोटे भाई हैं।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर हिन्दू समागम का आयोजन

# हिन्दू संस्कृति दुनिया का सबसे पुरानी संस्कृति : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम पंचायत सेमरा में नवा तालाब के पास 30 दिसम्बर को विशाल हिन्दू समागम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्रीराम, भारत माता, गुरु घासी दास बाबा के तैल चित्र पर धुप दीप जलाकर किया गया। सभा स्थल पर उद्बोधन पूर्व संत सत्संग रामायण, महिलाओ द्वारा ढोलक कीर्तन, एवं स्थानीय बहनो द्वारा पंथी नित्य का भव्य आकर्षक प्रस्तुति दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता लोमश साहू पालक कुष्ट निवारण संघ कात्रेनगर चाम्पा थे। विशिष्ट अतिथि कबड्डी दास महंत सत्य निज नाम बोध संस्थान के संस्थापक पोड़ी राछा अध्यक्षता चिरंजीव रात्रे (महराज) समाज सेवक कोटिया रहें। मुख्य वक्ता श्री साहू ने




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

हिन्दू सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये कहा पुरे दुनिया में एक मात्र भारत ऐसा देश हैं जिसे माता का दर्जा प्राप्त हैं पुरे देशवासी श्रद्धा से माता पुकारते हैं हम सनातनी हैं और हमारी हिन्दू संस्कृति दुनिया का सबसे पुरानी संस्कृति हैं। सत्य निज नाम बोध संस्थान के वक्ता के रूप में प्रतिनिधि तेली साहब ने समाज को नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण पर अपनी बात रखते हुये प्रत्येक व्यक्ति को एक वर्ष में कम से कम एक पेड लगाने की बात कही। श्री रात्रे ने मनखे मनखे एक सामान को चरितार्थ करते हुये समरसता पर प्रकाश डाला एवं सत्य के मार्ग पर चलने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र कौशिक ने किया। भारत माता की आरती के पश्चात हलवा प्रसाद वितरण किया गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से शिव गोपाल कश्यप, बहरता राम कौशिक, धनाराम साहू, सुन्दर कश्यप, शिवेंद्र सिंह सरपंच सेमरा, अशोक कश्यप सरपंच गिधा, पुरुषोत्तम कश्यप, शिव जायसवाल, गिरजानंद कुम्भज, बसंत कश्यप, विजय निर्मलकर नन्दलाल कुम्भज, अनिता कश्यप, छोटे बाई महंत गंगाराम कश्यप, आजीत बंजारे, दीना नाथ कश्य, रामधन महंत, दाऊ राम कश्यप, महाबीर धीवर, रामलखन पटेल, रामसागर कश्यप, शत्रुहन कश्यप, राजू कश्यप, दीनदयाल कश्यप सहित बड़ी संख्या में सेमरा मण्डल के अंतर्गत गिद्धा, अवरीद, चौराभाठा, तेंदुआ, कोटिया, चोरभट्ठी के लोग उपस्थित रहें।

